Simla Chandigarh Diocese
Bishop's House, P.O. Box No: 709, Sector 19-A Chandigarh - 160 019, INDIA.

† Ignatius L. Mascarenhas
Bishop of Simla-Chandigarh

TEL: 0172-2775777, 2773777
FAX: 0172-2781630
EMAIL: bpignatius@gmail.com

Ref. DSC/Cir. 06/2024

24.07.2024

शिमला चण्डीगढ़ धर्मप्रान्त के सभी पुरोहितों, धर्मबहनों और लोकधर्मियों के लिए।

ख्रीस्त में प्यारे भाइयों एवं बहनों,

सबको जै येसु।

"यात्री कलीसिया स्वभाव से ही मिशनरी है (AG.#2)।" इसलिए, कलीसिया जो ईश्वर के तीर्थयात्री प्रजा है, उसके सदस्य इस संसार में पुनर्जीवित प्रभु के कार्यों को सक्रियता के साथ आगे बढ़ाते रहते हैं। तीन वर्षों की सिनड़ यात्रा की प्रक्रिया, एक विस्तार पूर्वक संवाद, गंभीर चिंतन तथा प्रार्थना पूर्ण विचार विमर्श का समय था, जिसने हमें प्रेरित किया कि हम एक साथ चलते हुए, साहचर्य, सहभागिता और मिशन को बढ़ावा दें।

लेकिन अब वह समय आ गया है, जब हम जो कुछ भी विचार विमर्श किये हैं, उसे अपने मिशन कार्य के लिए तथा मिशन यात्रा में फलदायी बनायें। इसलिए मेरा आप सभी से आग्रह है कि, हमने सी सी बी आई की योजनाओं "मिशन 2033 के लिए सिनड़ की यात्रा" पर आधारित विचार विमर्श के बाद जो धर्मप्रान्त के लिए योजनायें बनायी है, उसको अमल में लाये।

हम सभी आने वाले पवित्र वर्ष 2025, आशा का वर्ष, के लिए तैयारी कर रहे हैं। तो यह उपयुक्त समय है कि, जुबली वर्ष में, हम अपने पल्लीयों में, अपने डिनरी में तथा अपने धर्मप्रान्त में इन योजनाओं को लागू करें। और इनको लागू करने से हमारा धर्मप्रान्त भी एक सहभागी और संवादात्मक कलीसिया का हिस्सा बन जायेगा।

17 जुलाई 2024 को धर्मप्रान्तिय पॉस्टोरल काउंसिल की बैठक हुई थी जिसका विषय था, "डिजिटल युग में चर्च का मिशन"। फादर जूलियन प्रदीप SBD इस विषय पर हमें संबोधित करते हुए, डिजिटल युग के महत्व को बताया तथा इस आधुनिक युग में मिशन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को समझाया। इस विषय पर समूह चर्चा के दौरान सुझाव दिये गये

कि, मीडिया प्रौद्योगिकी के माध्यम से हम हमारे माता-पिता, युवाओं और बच्चों को धर्मशिक्षा प्रदान कर सकते हैं। इसलिए आने वाले महीनों के लिए हमारी कार्य योजना, डिजिटल युग के तहत मीडिया शिक्षा और प्रचार पर आधारित होगा, जिसका विषय होगा, "डिजिटल युग: माता-पिता, युवाओं और बच्चों की धर्मशिक्षा।"

इसलिए, मीडिया आयोग और इवेंजेलाईजेशन के निर्देशक हमारे परिवारों में धर्मशिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सेमिनार, प्रशिक्षण, नाटकों तथा कार्यक्रमों, आदि से जुड़े रचनात्मक तरीकों का आयोजन करेंगे। साथ ही मैं सभी डीन और अलग अलग कमीशन के आयोजकों से अपील करता हूँ कि, 09 जुलाई 2024 को सम्पन्न हुए विभिन्न कमीशन के मिटींग में जो निर्णय लिया गया था, उसे आप पल्लीयों तथा डिनरी में एक ठोस योजना बना कर लागू करें।

मैं अलग अलग कमीशन के सभी आयोजकों से अपील कर सकता हूँ कि आप अपने कमीशन के कार्य योजना का एक रिकॉर्ड रखें तथा अपने कमीशन का संक्षिप्त रिपोर्ट, फोटो तथा विडीयो, मैगजीन के लिए फा॰ वियानी को दें।

मैं आप सभी का, जो धर्मप्रान्तिय पॉस्टोरल काउंसिल की बैठक में शामिल हुए, धन्यवाद करता हूँ। दरअसल, यह अब तक की पॉस्टोरल काउंसिल की सबसे बड़ी संख्या की बैठक थी।

प्रभु के मिशन कार्य में आपके उत्साह के लिए मैं आप सभी का धन्यवाद करता हूँ। और जब हम सभी इस यात्रा में एक साथ चल रहे हैं, मैं आप सभी को प्रभु के सामर्थी हाथों में सौंपता हूँ।

Ignatius L. Mascarenhas
Bishop of Simla-Chandigarh

बिशप इगनेशियस मस्करेन्हस।
शिमला चण्डीगढ़ धर्मप्रान्त के धर्माध्यक्ष